# CBSE Class–5 Hindi
## NCERT Solutions
### रिमझिम पाठ- 7 . डाकिए की कहानी, कँवरसिंह की जुबानी

**प्रश्न 1. डाकिए का क्या नाम था?**
**उत्तर-** डाकिए का नाम कँवरसिंह था|

**प्रश्न 2. डाकिया कहाँ का रहने वाला था?**
**उत्तर-** डाकिया हिमाचल प्रदेश के शिमला जिले के नेरवा गाँव का रहने वाला था|

**प्रश्न 3. कँवरसिंह के परिवार में कौन-कौन सदस्य थे|**
**उत्तर-** कँवरसिंह के परिवार में चार बच्चे थे|

**प्रश्न 4. डाक सेवक को क्या-क्या करना पड़ता है?**
**उत्तर-** डाक सेवक को चिट्ठियाँ, रजिस्टरी-पत्र, पार्सल, बिल, बुढ़ें लोगो को पेंशन आदि बाँटने गाँव-गाँव जाना पड़ता है|

**प्रश्न 5. भारतीय डाक सेवा की क्या विशेषता है?**
**उत्तर-** भारतीय डाक सेवा दुनिया की सबसे बड़ी और सबसे सस्ती डाक सेवा है|

**प्रश्न 6. पहाड़ी क्षेत्रों में डाकिए को किन कठिनाइयों से गुजरना पड़ता है?**
**उत्तर-** पहाड़ी क्षेत्रों में डाकिए को मीलों पैदल चलना, बर्फबारी में फसने जैसी कठिनाइयों से गुजरना पड़ता है|

**प्रश्न 7. कँवरसिंह को कौन-सा पुरस्कार मिला?**
**उत्तर-** कँवरसिंह को ‘बेस्ट पोस्टमैन’ का पुरस्कार मिला|

**प्रश्न 8. यह पुरस्कार उन्हें कब मिला?**
**उत्तर-** यह पुरस्कार उन्हें सन् 2004 में मिला|